# भाजपा संगठन की बगिया में पदों के अनार कम हैं और बीमार ज्यादा हैं...

## जिला कार्यकारिणी को लेकर दावेदार और पदों में कैसे बैठेगा सामंजस्य

**शाजापुर, 1 सितंबर. एक कहावत है एक अनार, सौ बीमार... यह कहावत भाजपा की घोषित होने वाली कार्यकारिणी पर चरितार्थ होती है. क्योंकि पद कम हैं, लेकिन दावेदार ज्यादा हैं. अब पदों को तीनों विधानसभा के हिसाब से वितरित करना है. जिला महामंत्री केवल तीन बनाए जाएंगे. उपाध्यक्ष आधा दर्जन से अधिक. मंत्री भी आधा दर्जन. कार्यालय मंत्री का गठन पहले से हो चुका है. अब बात करें तो शाजापुर, शुजालपुर और कालापीपल विधानसभा की. ऐसे में सबका सामंजस्य और सभी विधानसभाओं को नेतृत्व देने की चुनौती.**

गौरतलब है कि प्रदेश भाजपा ने कुछ जिलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी है. आने वाले एक-दो दिन में शाजापुर भाजपा की कार्यकारिणी भी घोषित होने वाली है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला महामंत्री के जिन नामों पर जिले के सभी नेताओं की और विधायकों की सहमति बनी है, उसके अनुसार शुजालपुर से विजय बैस या नरेंद्र यादव. कालापीपल से कृपाल सिंह मेवाड़ा और शाजापुर विधानसभा से रायसिंह मालवीय का नाम चर्चा में है. अब बात करें अन्य पदों को लेकर तो कार्यकारिणी में आने के लिए वर्तमान कोषाध्यक्ष किरण ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, शीतल भावसार, उमेश टेलर सहित अन्य दावेदार हैं. ऐसे ही जिले की अन्य विधानसभाओं से भी दावेदारों के नाम चर्चा में हैं.

### महिलाओं को भी कार्यकारिणी में देना होगा स्थान...

पूरे जिले से लगभग 3 से 4 महिला नेत्रियों को भी कार्यकारिणी में स्थान देना होगा. ऐसी स्थिति में शाजापुर जिले की तीनों विधानसभा से कई दावेदार पद के अभाव में कार्यकारिणी से बाहर हो सकते हैं. क्योंकि राजनीति में महिलाओं के लिए आरक्षण के तहत तीन से चार महिला नेत्रियों को भी पदाधिकारी बनाना होगा.

### संभावित नामों पर चर्चा...

महामंत्री के लिए कालापीपल से कृपालसिंह मेवाड़ा, शुजालपुर से विजय बैस या नरेंद्र यादव, शाजापुर से रायसिंह मालवीय का नाम लगभग तय माना जा रहा है. उपाध्यक्ष की बात करें, तो शाजापुर से दो उपाध्यक्ष बन सकते है. मीडिया प्रभारी के लिए पूर्व मीडिया प्रभारी उमेश टेलर का नाम चर्चा में है. हालांकि विजय जोशी भी मीडिया प्रभारी की दौड़ में शामिल हैं. कार्यालय मंत्री वीरेंद्र पाटीदार की पहले ही ताजपोशी हो चुकी है. जुगल नाहर भी कार्यकारिणी में पहले से ही आ चुके हैं. सुनील मालवीय भी एक नया नाम चर्चा में है.

### पद कम हैं, दावेदार ज्यादा हैं ...

भाजपा जिला कार्यकारिणी में तीन महामंत्री, आठ उपाध्यक्ष, आठ मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक मीडिया प्रभारी, कार्यालय मंत्री और सह कार्यालय मंत्री बनाना है. अब पदों के हिसाब से यदि देखा जाए, तो तीन विधानसभा में इनका वितरण किया जाए, तो दो विधानसभा में तीन-तीन उपाध्यक्ष, तीन-तीन मंत्री बन सकते हैं और एक विधानसभा में दो उपाध्यक्ष-मंत्री बन सकते हैं. अब शाजापुर विधानसभा की बात करें, तो यहां दावेदार पद से ज्यादा हैं. अब ऐसे में सभी दावेदारों को कार्यकारिणी में लेना और उन्हें संतुष्ट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी. इसके अलावा सिंधिया भाजपा से भी कुछ लोगों को जिला कार्यकारिणी में एडजस्ट करना पड़ेगा. सिंधिया भाजपा की बात करें, तो आशुतोष श्रीवास्तव और बोलाई के राजेंद्र ये सिंधिया समर्थक माने जाते हैं. अब देखना यह है कि इसमें कैसे कार्यकारिणी घोषित हो पाती है.

## एक नजर में

### प्रतिमा विसर्जन के लिए स्थल का निरीक्षण



**शाजापुर, 1 सितंबर.** प्रभारी कलेक्टर तन्वी हुड्डा ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तय स्थल जादमी की लखुन्दर पुलिया का निरीक्षण किया. प्रभारी कलेक्टर ने सड़क के किनारे उपयुक्त स्थल पर कुंड बनाने एवं सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए. इस मौके पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, होमगार्ड कमाण्डेंट विक्रम सिंह मालवीय, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ सुश्री नेहा गंगारे, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग हर्षवर्धन सिंह मुवेल सहित अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद थे.

### 16 हजार रूपये शमन शुल्क राशि वसूल की




**शाजापुर, 1 सितंबर.** कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा बेरछा, सुन्दसी क्षेत्र में स्कूली वाहन बस, मैजिक आदि वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही की गई. चेकिंग के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, फायर फाइटर फर्स्ट एड बॉक्स, इमरजेंसी गेट, कैमरा आदि चेक किए गए. एक वाहन को जप्त किया जाकर बेरछा थाना की अभिरक्षा में रखा गया एवं 16 हजार रूपये शमन शुल्क राशि वसूल की गई. चेकिंग कार्यवाही निरंतर जारी है.

### स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस रोजगार मेला 4 सितंबर को

**शाजापुर, 1 सितंबर.** मध्यपद्रेश शासन द्वारा युवाओ के लिए रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस के अवसर उपलब्ध कराने के उदेश्य से युवा संगम कार्यक्रम का अयोजन प्रदेश के प्रत्येक जिले में किया जा रहा है. मध्यपद्रेश शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार एक ही छत के नीचे निजी क्षेत्र में रोजगार, स्वरोजगार अप्रेंटिस के अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई एवं जिला उद्योग केंद्र शाजापुर द्वारा 4 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक स्व. सालिगराम तोमर शासकीय महाविद्यालय पोलायकलां में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिस रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा.

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले में आमंत्रित निजी क्षेत्र की संभावित नियोजक कन्टेम्परेरी सर्विसेज कॉर्पोरेशन इंडिया लि. इन्दौर, आईपीएस ग्रुप आयशर प्रालि देवास, नवभारत फर्टिलाईजर भोपाल, स्वतंत्र माइकोफिन भोपाल, यशस्वी अकेडमी फॉर स्कील प्रालि देवास, न्यू जील फेशन वियर बदनावर धार एलपीएल बी एबल फाउंडेशन इन्दौर, रिलायंस जिओ इन्दौर, भारतीय जीवन बीमा निगम शुजालपुर, एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस शाजापुर, एचडीएफसी लाईफइंश्योरेंस शाजापुर आदि कंपनियों के द्वारा सेल्स मैन, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंग, वर्करए सिक्योरिटी गार्ड, हेल्पर, मशीन आपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायक, हेल्पर, एक्जुक्यटिव फिल्ड ऑफिसर, बीमा सलाहकार आदि पदों पर कम्पनियों के रिक्त लगभग 300 से अधिक पदों पर रोजगार प्रदान करने के लिए कम्पनीयों के प्रतिनिधि आवेदको के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक चयन करेंगें. रोजगार मेले में कक्षा 8वी 10वीं, 12 वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम आयु के साथ युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला में आकर चयन के लिए साक्षात्कार दे सकते हैं. साथ ही आवेदको को कॅरियर काउंसिलिंग के माध्यम से मनोवैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा.

### महिलाओं ने राहुल गांधी व जीतू पटवारी का पुतला किया दहन

**शाजापुर, 1 सितंबर.** नगर की महलाओं व भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने राहुल गांधी और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के पुतले जलाए. इसके बाद महिलाओं ने विरोध स्वरूप पुतले पर जमकर जूते चप्पल भी बरसाए. राहुल गांधी की सभा में पीएम नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे गए थे. जबकि हड़ताली तीज के दिन कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने मध्यप्रदेश की महिलाओं को शराबी बताया था. जिसके विरोध में महिलाओं ने जमकर प्रदर्शन किया. बिहार चुनाव में आयोजित राहुल गांधी की सभा में उनके समर्थकों द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी स्वण् माताजी को अपशब्द कहे थे. जिसके चलते पूरे देश के लोग कार्यकर्ताओं की इस हरकत से नाराज हैं. वहीं हड़ताली तीज के दिन जीतू पटवारी ने मध्यप्रदेश की महिलाओं को शराबी बताया था. इसे लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के अलावा नगर की अन्य महिलाओं ने विरोध स्वरूप दोनो नेताओं का पुतला दहन किया. इसके बाद भी महिलाओं का गुस्सा शांत नहीं हुआ और महिलाओं ने जलते पुतलों पर भी जमकर जूते चप्पल बरसाते हुए नाराजगी जताई. इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, पूर्व नपाध्यक्ष प्रदीप चंद्रवंशी, किरणसिंह ठाकुर, संजय शिवहरे, किरण ठाकुर, श्रद्धा नागर, महामंत्री गोविंद नायक, प्रेम यादव, कमल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे. विधायक अरुण भीमावद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति का सम्मान सर्वोपरि रहा है. स्त्री के अपमान के कारण ही इतिहास में महायुद्ध हुए. रामायण और महाभारत इसके उदाहरण हैं. कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा की गई अभद्र टिप्पणियां इस संस्कृति का अपमान है और इसके गंभीर परिणाम कांग्रेस को भुगतने होंगे.

## फर्टिलाइजर कोर्स की प्रथम बैच का शुभारंभ कल से होगा

**शाजापुर, 1 सितंबर. सर्व हिताय कृषि व्यापारी सेवा समिति उज्जैन के तत्वावधान में शाजापुर में फर्टिलाइजर कोर्स की प्रथम बैच का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर पर 3 सितंबर को सम्पन्न होगा.**

उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप संचालक कृषि बीएस जामरा एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जीआर अंबावतिया उपस्थित रहेंगे एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर ललित गोलियान फ र्टिलाइजर एसोसिएशन आफ इंडिया नई दिल्ली एवं कृषि आदान विक्रेता संघ भोपाल के सचिव संजय कुमार रघुवंशी उपस्थित होंगे. इस फर्टिलाइजर डिप्लोमा कोर्स के फेसिलिटर डॉ. मुकेशसिंह रहेंगे. सुनील नाहर बेरछा ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस बैच में शामिल अभ्यर्थियों को 14 दिन की ट्रेनिंग देने के बाद परीक्षा होगी एवं 15 वे दिन प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा. जिसके आधार पर फर्टिलाइजर का रिटेल का लाइसेंस बन जाएगा. सर्व हिताय कृषि व्यापारी सेवा समिति उज्जैन के अध्यक्ष संजय रघुवंशी ने बताया कि केंद्र सरकार ने बीएससी की डिग्री इस लाइसेंस के लिए अनिवार्य की थी, जिसे ऑल इंडिया संगठन के माध्यम से केंद्र सरकार से लड़ाई लड़ कर 15 दिन के सर्टिफिकेट कोर्स का गजट नोटिफिकेशन 30 जुलाई 2018 को करवाया गया है और इस गजट के अनुसार फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफइंडिया के माध्यम से सर्व हिताय कृषि व्यापारी सेवा समिति को मध्य प्रदेश के लिए नोडल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के रूप में नामित किया गया है. जिनके माध्यम से अभी तक मप्र में उज्जैन में 12 बैच लगाई जा चुकी है एवं धार एवं शिवपुरी में दो-दो बैच लगाकर प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं.

## गाय को ले जा रहे वाहन में तोड़फोड़

**शाजापुर, 1 सितंबर. जिले के ग्राम रामपुरा मेवासा में शनिवार रात को ग्रामीणों ने गाय को ले जा रहे वाहन में तोड़फोड़ कर दी. घटना की जानकारी लगते ही मौके पर सुनेरा थाना पुलिस पहुंची और वाहन मालिक सहित वाहन को थाने पर लेकर आई.**

सुनेरा पुलिस ने रविवार 11 बजे तक समाचार लिखे जाने तक कोई मामला दर्ज नहीं किया. सुनेरा थाना प्रभारी भरत किरार ने बताया दोनों पक्ष अभी तक थाने पर नहीं आएं, उनके आने के बाद पूरे घटनाक्रम का पता चलेगा. थाना प्रभारी भरत सिंह किरार ने बताया ग्राम रामपुरा मेवासा में एक गाय का सौदा दो पक्षों के बीच में हुआ और उसके बाद खरीदने वाला गाय को वाहन में ले जा रहा था. गाय बेचने वाले को पता चला इस गाय को बाहर ले जाया जा रहा है. इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने वाहन में तोड़फेड़ कर दी और गाय को उसमें से निकाल लिया. घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंची और वाहन मालिक को वाहन के साथ लेकर आई लेकिन इसके बाद भी 16 घंटे से ज्यादा समय व्यतीत होने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर सकी. वीडियो में साफसुनाई दे रहा है गाय की तस्करी की जा रही है. ग्रामीणों ने वाहन में तोड़फेड़ भी की.

## पीला मोजेक की जांच हेतु त्रि-सदस्यीय दल का गठन

**सुसनेर, 1 सितंबर.** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने सोयाबीन में येलो मोजेक/एथ्रोक्नोज एवं आफलन की समस्या के कारण फसल पीली पड़ कर सूखने की स्थिति का सर्वे करवाने हेतु जिले के कृषकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संदर्भ में एक सप्ताह में मौका मुआयना कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए त्रि-सदस्यीय दल का गठन किया है. जारी आदेशानुसार दल में कृषि विस्तार अधिकारी, संबंधित हल्का पटवारी एवं तहसील प्रतिनिधि फसल बीमा कम्पनी एआईसी को शामिल किया है, जो एक सप्ताह में अपन क्षेत्रों में मौका मुआयना कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा.

## कुशवाह समाज ने मनाई भगवान लवकुश की जयंती

**शाजापुर, 1 सितंबर.** कुशवाह समाज द्वारा रविवार को नगर में चल समारोह निकाला गया. इस दिन समाजजनों द्वारा भगवान लवकुश जयंती मनाते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया. चल समारोह के बाद सभा का आयोजन हुआ, जिसे जिले के प्रभारी मंत्री ने भी संबोधित करते हुए समाजजनों को मार्गदर्शन दिया. सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री नारायणसिंह कुशवाह व वरिष्ठ समाजजनों द्वारा भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर में पूजा अर्चना की गई. इसके बाद चल समारोह शुरू हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ गांधीहाल पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुआ. यहां सभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री कुशवाह ने समाज के विकास के लिए युवाओं से आगे आने की अपील की. वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी समाजजनों से हर संभव मदद की अपील की.

## असामाजिक तत्वों ने हटीले हनुमान जी की मूर्ति के साथ की छेड़छाड़

### हिंदू संगठनों ने जताया रोष, समिति ने थाने में दिया आवेदन

**सुसनेर, 1 सितंबर. रविवार शाम को सुसनेर में खेड़ा पर स्थित हटीले हनुमान मंदिर में विराजित हनुमान जी की मूर्ति के साथ कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है. यहां असामाजिक तत्वों ने मूर्ति के साथ ही मन्दिर में रखे सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया है.**



थाने के बाहर रोष व्याप्त कर नारेबाजी करते हुए हिन्दू संगठन

सूचना मिलने के बाद पुलिस भी सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की. उसके बाद रात साढ़े 8 बजे मंदिर समिति व हिन्दू संगठनों ने बड़ी संख्या में थाने पर पहुंचकर अज्ञात लोगों के विरुद्ध शिकायती आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है. आवेदन में मंदिर समिति ने बताया कि ट्यूबवेल का खेड़ा कस्बा सुसनेर में उमरिया रोड पर हटीले हनुमान जी का प्राचीन मंदिर है. जहां पर पंडित गौतम शर्मा नियमित रूप से पूजा पाठ करते हैं. रविवार शाम करीब 6 बजे मंदिर में हुई घटना से पंडित गौतम शर्मा ने मंदिर समिति को अवगत कराया. मंदिर समिति से जुड़े रवि लोहार ने बताया कि वे रविवार सुबह 10 बजे ही मंदिर में पूजा पाठ कर हनुमान जी की मूर्ति पर चोला चढ़ाकर गए थे. उस समय मूर्ति सही सलामत थी, लेकिन शाम की पूजन करने आए, तो देखा किसी ने हनुमान जी की मूर्ति को खंडित कर दिया है तथा चोला व पूजन सामग्री, हनुमान जी की गदा को मंदिर के पास नाले में फैंक दिया. इस घटना से हिन्दू धर्म के लोगों की भावना ठेस पहुंचाकर धार्मिक भावना आहत की गई है. समिति ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है.



टीआई को आवेदन देते हुए हिन्दू संगठन व मंदिर समिति

> **इनका कहना है**
>
> *खेड़ा स्थित हटीले हनुमान मंदिर की घटना को लेकर समिति ने आवेदन दिया है. पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है.*
>
> *- केशर राजपूत, थाना प्रभारी, सुसनेर*

## महाविद्यालय में कॅरियर मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित



**सुसनेर, 1 सितंबर. स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य जीसी गुप्ता के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं रोजगार कार्यालय जिला कलेक्टर आगर मालवा के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक प्राध्यापक रमेश जमरा ने उपस्थित विद्यार्थियों को अग्निवीर भर्ती परीक्षा 2026-27 से संबंधित जानकारी देते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, एमपीपीएससी, यूजीसी नेट, एसएससी, राज्य स्तरीय मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल आदि भर्ती परीक्षाओं की विस्तृत जानकारी दी. प्रकोष्ठ सहायक काशीराम प्रजापति ने 4 सितंबर को महाविद्यालय में आयोजित होने वाले रोजगार मेले की जानकारी दी. इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों सहित सहायक प्राध्यापक मुकेश कुमार दांगी सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

## क्षेत्रीय अधिकारियों के आश्वासन के बाद आंदोलन रद्द

**मोहन बड़ोदिया, 1 सितंबर. शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम दुधाना गांव में बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत सरपंच राकेश जायसवाल ने पश्चिम विद्युत वितरण केंद्र के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था, क्योंकि पीटीआर जलने के कारण क्षेत्रवासियों को विद्युत वाल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा था. बारिश का मौसम होने की वजह से जहरीले जानवर कब किस घर में घुस जाए उसका भगवान ही मलिक था. लेकिन शाजापुर जिले भर में अपनी एक पहचान बन चुकी ग्राम पंचायत दुधाना के युवा सरपंच जो सरपंच संघ शाजापुर के जिला अध्यक्ष भी हैं. उन्होंने ग्रामीणों के साथ विभाग के जिला अधिकारी ऐसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया.**



पश्चिम विद्युत वितरण केंद्र दुधाना पर 10 का पीटीआर लगाना था. लेकिन आंदोलन की चर्चा ने पूरे विभाग मे खलबली मचा दी. आंदोलन से पहले ग्राम दुधाना को 10 की जगह 5-5 के दो पीटीआर तुरंत पहुंचाने का निर्णय लिया. आंदोलन के लिए ग्राम से मुख्यालय के लिए रवाना होने वाले थे कि मोहन बड़ोदिया के जेई राहुल गौतम मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वासन देकर निर्णय लिया है और सोमवार का दिन ढलने से पहले आपको पीटीआर उपलब्ध करा देने का आश्वाशन दिया. ग्राम के सरपंच राकेश जायसवाल ने ग्रामीणों के साथ मिलकर अति महत्वपूर्ण निर्णय लिया और पश्चिम विद्युत वितरण केंद्र के जिला मुख्यालय स्थित एसी ऑफिस के सामने जो आंदोलन के लिए पहुंच रहे थे वह सब ने निर्णय लेकर आंदोलन निरस्त किया. सरपंच राकेश जायसवाल ने कहा है कि शासन की योजना है हर घर 24 घंटा बिजली मिलना चाहिए. यह आपकी जवाबदारी है. अगर आगे से इस प्रकार की कोई विद्युत समस्या उत्पन्न हुई तो ग्राम दुधाना के ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे. हालांकि विभाग में 10 के पीटीआर की जगह 5-5 के दो पीटीआर लगाने की बात कही. जिनमें एक मौके पर ही पहुंच गया. जिसका पूजन भी ग्राम पंचायत दुधाना सरपंच राकेश जायसवाल और कनिष्ठ यंत्री राहुल गौतम और ग्रामीणों ने किया और एक 5 का पीटीआर सोमवार शाम तक आने की बात अधिकारियों ने सोमवार दोपहर 2 बजे कही.

## एक नजर में

### 6 सितंबर तक चलेगी कॉलेज में प्रवेश की अंतिम प्रकिया

## पहले आओ, पहले पाओ : कॉलेज में प्रवेश लेने का अंतिम अवसर

**शाजापुर, 1 सितंबर. कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा भोपाल के आदेशानुसार एवं निर्देशानुसार महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक एवं वंचित विद्यार्थियों के लिए पहले आओ, पहले पाओ विशेष सीएलसी के माध्यम से प्रवेश का अंतिम मौका दिया है.**




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन शासकीय अग्रणी महाविद्यालय शाजापुर के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं ई-प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक एवं वंचित विद्यार्थियों के लिए विभाग ने पहले आओ, पहले पाओ माध्यम से प्रवेश का अंतिम मौका दिया है, जो कि 1 से 6 सितम्बर तक रहेगा. डॉ. बोड़ाने ये भी बताया कि प्रवेश के दौरान यदि किसी विद्यार्थी ने गलत या त्रुटि युक्त विषय या संकाय का चयन कर लिया हो, तो ऐसे समस्त विद्यार्थी 15 सितम्बर तक महाविद्यालय आकर विषय या संकाय परिवर्तन भी करा सकते हैं. साथ ही महाविद्यालय में प्रतम वर्ष के अतिरिक्त अन्य कक्षाओं में प्रमोशन का कार्य भी चल रहा है. प्रमोटेड विद्यार्थी सीधे ही शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करा सकते हैं. इसके अतिरिक्त प्रमोशन कक्षाओं में भी यदि किसी विद्यार्थी को समस्या है, तो महाविद्यालय आकर अपनी समस्या का त्वरित निराकरण करा सकता है.

> **इनका कहना है**
>
> *अब विद्यार्थी पहले आओ, पहले पाओ माध्यम से सीधे महाविद्यालय से प्रवेश ले सकते हैं. साथ ही प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी अपने त्रुटि युक्त विषय अथवा संकाय परिवर्तन भी महाविद्यालय आकर करा सकते हैं.*
>
> *- डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने, ई-प्रवेश जिला नोडल अधिकारी*

## पिछले 24 घंटों में 10 .9 मिमी औसत वर्षा

**शाजापुर, 1 सितंबर.** जिले में गत दिवस से अब तक 10.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वाधिक वर्षा तहसील गुलाना में 31 मिमी हुई है. इसी तरह तहसील शाजापुर में 31 मिमी, मो. बड़ोदिया में 7 मिमी् एवं शुजालपुर में 6 मिमी वर्षा हुई है. जबकि कालापीपल, पोलायकलां एवं अ.बड़ोदिया में कोई भी वर्षा दर्ज नहीं हुई है. इस प्रकार 01 जून से अब तक शाजापुर में 536 मिमी, मो. बड़ोदिया में 503 मिमी, शुजालपुर में 576 मिमी, कालापीपल में 649 मिमी, गुलाना में 443 मिमी, पोलायकलां में 326 एवं अ. बड़ोदिया में 293 मिमी इस प्रकार कुल 475.2 मिमी औसत वर्षा हुई है. जबकि जिले की सामान्य वर्षा 987.7 मिमी है.